भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में नागों ने डेरा डाला है

भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में, नागों ने डेरा डाला है।
भगवान तुम्हारे मंदिर में, नागों ने डेरा डाला है।
^नागों ने डेरा डाला है, नागों ने डेरा डाला है।
भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं जल, चढ़ाने आई हूँ, और दूध भी, साथ में लाई हूँ॥
वहाँ तेरी, जटा से ओ भोले, गंगा की धारा बहती है।
भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं भांग, चढ़ाने आई हूँ, और धतूरा भी, साथ में लाई हूँ॥
वहाँ तेरे, हाथों में ओ भोले, डंमरू भी डम डम वजता है।
भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं तिलक, लगाने आई हूँ, और हार भी, साथ में लाई हूँ॥
वहाँ माथे पे, तेरे ओ भोले, चँदा भी चम चम करता है।
भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं ढोलक, चिमटा लाई हूँ, और भजन, सुनाने आई हूँ॥
वहाँ पैरों में, तेरे ओ भोले, घुँघरू भी छम छम करते हैं।
भोलेनाथ तुम्हारे मंदिर में,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28581/title/bholenath-tumhare-mandir-me-nagon-ne-dera-dala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |